हिन्दुस्तान

1936

बुधवार

2 नवंबर 2022, कार्तिक शुक्ल पक्ष, अष्टमी, विक्रम संवत 2079, बरेली

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO 05, BOTTOM

नाटक मंचन: इंद्रधनुष रंगमहोत्सव के तहत एसआरएमएस रिद्धिमा में, शाम चार से सवा पांच और पौने छह से सात बजे तक बनीठनी से रसिक बिहारी नाटक का मंचन।

PAGE NO 07, MIDDLE

कोर्ट रूम के साथ थिएटर फेस्टिवल शुरू

बरेली, मुख्य संवाददाता। एसआरएमएस रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव 2022 का मंगलवार को आगाज हुआ। रंगकर्मी जेसी पालीवाल और एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक चेयरमैन देव मूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। पहले दिन जॉन मोर्टिमर के 'डॉक- ब्रीन्फ' के हिंदी रूपांतरण मैन डिस्पोजेज, गॉड प्रपोजेज का मंचन हुआ। इसका रूपांतरण और निर्देशन सलीम शाह ने किया।

रिद्धिमा में मंगलवार को नाटक का मंचन करते कलाकार। ● हिन्दुस्तान

नाटक में एडवोकेट कमल कांत त्रिपाठी की मुख्य भूमिका सलीम शाह ने ही निभाई। उनका साथ जय सिंह ने हिमाकत कुरैशी के किरदार में दिया, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का इल्जाम है। सारे सबूत उसके खिलाफ हैं लेकिन इसी बीच एक वकील कमल कांत का उससे सामना होता है, जो छोटा और हलफनामा बनाने वाला वकील है। हिमाकत का मामला कमल को सौंपा जाता है।

इसमें एडवोकेट त्रिपाठी और हिमाकत कोर्ट रूम की रिहर्सल करते हैं। लेकिन जज के सामने त्रिपाठी अपने तर्क नहीं रख पाता और न ही वह किसी से कोई पूछताछ ही कर पाता है। ऐसे में हिमाकत को फांसी की सजा हो जाती है, लेकिन सही पैरवी न होने का हवाला देकर राज्यपाल उसे बरी कर देते हैं। इस फैसले पर एडवोकेट त्रिपाठी और हिमाकत खुश होते हैं। हिमाकत वकील को कोर्ट में उनके खामोश रहने की वजह पूछता है और इसी को अपने बरी किए जाने का क्रेडिट देता है। इस मौके पर ट्रस्टी आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा.अनुज कुमार सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।